हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026


13 हरिहर शाला में विद्यार्थियों का हुआ ऑनलाइन प्री-असेसमेंट


14 जनदर्शन में उमड़ी लोगों की भीड़ रोहित साहू ने सुनीं समस्याएं



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9



## मां जतमई मार्ग में दिखी केशकाल घाटी की झलक, प्राकृतिक सुंदरता ने मोहा मन

*राजिम।* छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में शामिल मां जतमई धाम निरंतर विकास की नई पहचान बनता जा रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर इस क्षेत्र तक पहुंचने वाले घुमावदार मार्ग को जिस तरह से व्यवस्थित और आकर्षक स्वरूप दिया गया है, वह श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। मां जतमई मंदिर तक जाने वाली सड़क की बनावट बस्तर के प्रसिद्ध केशकाल घाटी की याद दिलाती है। घुमावदार मोड़ों को सुव्यवस्थित ढंग से विकसित किया गया है, जिससे मार्ग की सुंदरता तो बढ़ी ही है, साथ ही वाहन चालकों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। सड़क के किनारे किए गए सुधार और व्यवस्थित निर्माण कार्य से दुर्घटनाओं की आशंका कम होने की उम्मीद है। बरसात के मौसम में हरियाली से आच्छादित पहाड़ियां, घुमावदार सड़कें और प्राकृतिक वातावरण इस मार्ग को और अधिक मनोहारी बना देते हैं। बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक इस सुंदर मार्ग की सराहना कर रहे हैं तथा इसे पर्यटन की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मान रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के बेहतर निर्माण और आकर्षक स्वरूप ने जतमई धाम की पहचान को नई ऊंचाई दी है। यदि भविष्य में इसी प्रकार सुरक्षा संबंधी आवश्यक व्यवस्थाओं और पर्यटक सुविधाओं का और विस्तार किया जाए, तो यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में और अधिक मजबूती से अपनी पहचान स्थापित करेगा।

### बारिश : देर शाम पानी का बहाव कम होने पर सुरक्षित निकाला गया

# उफनते खोलापारा नाले में 6 घंटे फंसे रहे 50 से अधिक पर्यटक, बाइक सवार बहने से बचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत ओढ़ आमामोरा पहाड़ी में कारीपगार, शेशपगार जलप्रपात सहित अनेक पर्यटन स्थल है। जहां इन दिनों जलप्रपात देखने लायक है और बड़े शहरों से लेकर क्षेत्र से पर्यटक प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मोटर साइकिल के माध्यम से यहां पहुंच रहे है लेकिन पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में हो रही लगातार झमाझम बारिश के चलते कई नदी नाले में पानी चल रहा है। मंगलवार को दबनई आमामोरा मार्ग में मैनपुर से 18 किमी दूर खोलापारा नदी में अचानक बाढ़ आ गया। पहाड़ी क्षेत्र में भारी बारिश के कारण देखते ही देखते खोलापारा नदी पूरे उफान पर आ गया और ओड़ आमामोरा क्षेत्र में पहुंचे पर्यटक लगभग 6 घंटे तक जंगल में फंसे रहे। वहीं तेज बहाव में एक बाइक सवार बहते बहते बचा जिसे उपस्थित लोगों ने बचाई। गरियाबंद के छिन्दौला-आमामोरा मार्ग पर खोलापारा नाला उफान पर है। तेज बहाव में बाइक सवार युवक की जान पर बन आई, स्थानीय लोगों ने दौड़कर बचाया। 50 से ज्यादा पर्यटक और राहगीर फंसे हुए थे जिसे देर शाम पानी का बहाव कम होने पर सुरक्षित निकाला गया।



**सभी पर्यटक सुरक्षित गंतव्य रवाना**

इस संबंध में चर्चा करने पर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने बताया की खोलापारा नदी में पहाड़ी इलाके में अत्यधिक बारिश के कारण नदी का बहाव तेज हो गया था। कुछ घंटे बाद नदी का बहाव कम होने से सभी पर्यटक सुरक्षित अपने गंतव्य की ओर चले गए वन विभाग के कर्मचारी वहां पर तैनात है।



**अधूरे निर्माण और घटिया इंफ्रास्ट्रक्चर की खुली पोल-** इस मार्ग में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य अधुरा पड़ा हुआ है और खोलापारा नदी में पुल निर्माण के बजाय सीमेंट का पाइप डालकर रपटा बना दिया गया है जिसके कारण हर वर्ष पहाड़ी इलाके में भारी बारिश के चलते इस नदी में अचानक बाढ़ आ जाता है। तेज बारिश और उफनते नाले के कारण आमामोरा, ओढ़, कुकरार और नगरार सहित कई गांवों का ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया है ग्रामीणों को जरूरी कामों के लिए भी आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हालात गंभीर होने के बावजूद कुछ लोग उफनते नाले को पार करने का जोखिम उठा रहे हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि तेज बहाव के बीच नाला पार करना किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है प्रशासन की ओर से लोगों से सतर्क रहने और पानी उतरने तक नाला पार नहीं करने की अपील की जा रही है।

## इंदागांव में कच्चा मकान गिरा 5 लोग घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत इंदागांव में बारिश के चलते कच्चा झोपड़ीनुमा मकान गिर गया, जिससे पांच लोग घायल हुए हैं और दूधमुंही बच्चे की जान मां ने बचाई है। इसकी जानकारी लगते ही मैनपुर एसडीएम के निर्देश पर तत्काल स्वास्थ्य विभाग का अमला पीड़ित परिवार के घर पहुंचा और सभी घायलों का उपचार किया। ज्यादा घायल लोगों को इलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार लगातार हो रही बारिश अब लोगों के लिए आफत बनती जा रही है। कई स्थानों पर जलभराव, सड़कें बाधित होने और कच्चे मकानों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मैनपुर ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### सिद्धि विनायक आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**नवापारा-राजिम।** श्री सिद्धि विनायक आश्रम, नवागांव (बुड़ेनी) में आज बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन मां तारिणी शिष्य समिति एवं सिद्धि विनायक आश्रम परिवार के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से भजन-कीर्तन एवं रामायण पाठ का आयोजन होगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से चरण पादुका गुरु पूजन संपन्न होगा। दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर गुरुदेव उमेशानंद गिरि के सान्निध्य में श्रद्धालु गुरु पूजन एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त करेंगे।



### डिंपल का नवोदय में चयन

**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी के पांचवी बोर्ड टॉपर कु डिंपल वर्मा का चयन नवोदय विद्यालय पांडुका के लिए हुआ है। प्रधानपाठक नंदकुमार सिन्हा ने कुशल परीक्षा रणनीति सघन मॉनिटरिंग उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन सप्ताहित ऑनलाइन ऑफ लाइन टेस्ट परीक्षा को तीन बच्चों का नवोदय में चयन होने का कारण बताया। बालिका के चयन होने पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू, संकुल प्राचार्य अशोक साहू, सरपंच दिगेश्वर साहू, उप सरपंच हेमलता साहू, समन्वयक पीएन वर्मा, माता-पिता सोहन वर्मा, कीर्ति वर्मा, शाला विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश ध्रुव, शिक्षक नीरज साहू, गणेश राम कुम्हार, उर्वशी तारक, हेमलता ठाकुर, शालिनी साहू, गायत्री वर्मा ने बधाई दिया है।



### मौली माता मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**फिंगेश्वर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 29 जुलाई को मौली माता मंदिर परिसर मौली पारा फिंगेश्वर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। मौली माता मंदिर परिसर में सैंकड़ों भक्तजनों के लिए बनता है भोजन प्रसादी पूरे दिन भजन कीर्तन होता है। ब्रह्मलीन पंडित कमलेश्वर प्रसाद तिवारी की कृपा पात्र शिष्य पंडित दिनेश्वर प्रसाद शर्मा एवं पंडित अमन शर्मा भगवताचार्य ने बताया कि इस वर्ष 29 जुलाई को पूरे देश में गुरू पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। गुरू पूर्णिमा जिसे व्यासपूर्णिमा भी कहते हैं। हमारे शास्त्रों में इस दिन भक्तगण अपने गुरू की चरण पादुका की पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त करने का विधान हैं। इस दिन मौली माता मंदिर परिसर में दूर-दूर से पहुंचे रामायण मंडलियों के द्वारा सुबह से ही भजन कीर्तन का आयोजन देर रात्रि तक चलेगा।



## अधेड़ की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। इंदागांव क्षेत्र के अमलाभाठा के पास एक खेत में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सगड़ा ग्राम के टिकरापारा निवासी भवन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को ग्रामीणों ने अमलीभाठा के पास खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास मृतक की साइकिल और पलटी हुई छतरी बरामद की ग्रामीणों के अनुसार, घटना के समय क्षेत्र में तेज बारिश हो रही थी। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि भवन एक हाथ में छतरी और दूसरे हाथ से साइकिल चला रहे थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वे खेत में गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई। हालांकि, मैनपुर पुलिस ने किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है।

### परिक्षेत्र साहू समाज चम्पारण की बैठक 30 को

**नवापारा-राजिम।** परिक्षेत्र साहू समाज चम्पारण्य (नवागांव) की आवश्यक बैठक 30 जुलाई गुरुवार को 11 बजे साहू समाज भवन परसदा में रखा गया है। परिक्षेत्र साहू समाज के मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने बताया इस अवसर पर सामाजिक गतिविधि एवं सामाजिक एकजुटता पर आवश्यक रूप से चर्चा करते हुए सामाजिक प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। वहीं इस बैठक में माता राजिम जयंती मनाने पर चर्चा की जावेगी। इस बैठक में परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष गैंद लाल साहू,उपाध्यक्ष रामकुमार हिरवानी, कमला साहू, संगठन सचिव निर्मला साहू, भुवन साहू व साहू समाज के पदाधिकारी व स्वजातीय बंधु उपस्थित रहेंगे।

## लोहरसी संकुल में पहुंचीं पाठ्यपुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

सत्र शुरू हुए डेढ़ माह बीता, पर नहीं मिली सभी पाठ्यपुस्तकें शीर्षक से हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। समाचार का असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। समाचार प्रकाशन के बाद शिक्षा विभाग सक्रिय हुआ और क्षेत्र के संकुल केंद्र लोहरसी में विभिन्न कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों की खेप पहुंचा दी गई है। पुस्तकें मिलने से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार लंबे समय से विद्यार्थी बिना सभी विषयों की पुस्तकों के अध्ययन करने को मजबूर थे। कई विद्यालयों में शिक्षक ब्लैकबोर्ड और नोट्स के सहारे पढ़ाई करा रहे थे, जिससे नियमित शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। हरिभूमि द्वारा इस गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद विभाग ने तत्काल आवश्यक कदम उठाए और ▶▶|शेष पेज 12 पर


सभी विषयों की पुस्तकें नहीं पहुंची, शिक्षक-विद्यार्थी परेशान
सत्र शुरू हुए डेढ़ माह बीता, पर नहीं मिलीं सभी पाठ्यपुस्तकें

खबर का असर



### 29 जुलाई बाघ दिवस पर विशेष

# उदंती टाइगर रिजर्व में बाघिन की आमद से संरक्षण के प्रयासों को मिला बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हर वर्ष 29 जुलाई को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य बाघों के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस वर्ष उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से एक अत्यंत उत्साहजनक खबर सामने आई है। रिजर्व में तैनात ट्रैप कैमरों में एक बाघिन की नियमित उपस्थिति दर्ज की गई है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि प्राकृतिक रूप से विचरण करते हुए यह बाघिन इस जंगल में पहुंची है और इसे अपना नया ठिकाना बना रही है। पहले से मौजूद नर बाघ के साथ अब बाघिन की मौजूदगी से क्षेत्र में बाघों के संरक्षण और उनके कुनबे में वृद्धि की नई उम्मीद जगी है। पिछले कुछ वर्षों में टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा एंटी-पोचिंग व्यवस्था, सैकड़ों कृत्रिम जल स्त्रोतों एवं झिरियाओं के निर्माण, अतिक्रमण हटाकर वन भूमि की पुनर्प्राप्ति तथा सुरक्षित आवास बनाने की दिशा में व्यापक कदम उठाए गए थे। बाघिन का यहां खुद-ब-खुद पहुंचना इन संरक्षण प्रयासों की सफलता को साबित करता है।





**30 साल पहले नरभक्षी मायावती और रूपक के आतंक से कांप उठा था क्षेत्र-** गरियाबंद जिले के इतिहास में बाघों से जुड़ी एक खौफनाक याद भी दर्ज है। लगभग तीन दशक पहले, सन 1990 में अविभाजित मध्य प्रदेश के समय मैनपुर क्षेत्र के दर्जनभर से ज्यादा गांव नरभक्षी बाघिन 'मायावती' और उसके शावक 'रूपक' (राजा) के खौफ के साये में जी रहे थे। भाठीगढ़ से लेकर गोबरा पहाड़ी तक फैले 15 किलोमीटर के इलाके में इस नरभक्षी जोड़े ने लगभग 17 ग्रामीणों को अपना शिकार बनाया था। क्षेत्र के बुजुर्गों नाथूराम ध्रुवा, आशाराम यादव और अहमद बेग बताते हैं कि उस दौरान भाठीगढ़, गोबरा, हरदीभाठा, पथर्री, ठेमली और काटीपारा जैसे गांवों में सन्नाटा पसरा रहता था। लोग दिन में भी घरों से बाहर निकलने से डरते थे।

**असम से बुलाए गए शिकारी ने पिंजरे में किया था कैद-** मामला इतना गंभीर हो गया था कि इसकी गूंज भोपाल विधानसभा तक पहुंची। वन विभाग ने प्रशिक्षित हाथियों का दल और शिकारी भेजे, लेकिन दो महीने तक असफलता ही हाथ ▶▶|शेष पेज 12 पर

## ग्राम सेंदर में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत के तत्वावधान में 29 जुलाई को विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया है। सरपंच गामणी राकेश घृतलहरे एवं भाजपा नेता रामाधार साहू ने कहा की 29 जुलाई 3 बजे स्थान-बाजार चौक में ग्राम पंचायत सेंदर में विधायक राजिम रोहित साहू की अनुशंसा से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया है। आगे कहा की कार्यक्रम का मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षता गौरीशंकर कश्यप अध्यक्ष, जिला पंचायत गरियाबंद, विशिष्ट अतिथि लालिमा पारस ठाकुर, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत गरियाबंद, अनिल चन्द्राकर भाजपा जिला अध्यक्ष गरियाबंद, इन्द्राणी नेहरू साहू, अध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर, सतीश यादव, उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर, नंदनी ओंकार साहू, सभापति, महिला बाल विकास गरियाबंद, नंदनी कोमल ढीढी, सभापति, सहकारिता विभाग गरियाबंद, चन्द्रशेखर साहू, महामंत्री, भाजपा जिला गरियाबंद, रूपसिंग साहू, समाजसेवी, भाजपा नेता, मंजू हरित, अध्यक्ष, भाजपा मंडल फिंगेश्वर उपस्थित रहेंगे।



खबर संक्षेप



### अकलवारा स्कूल में किया गया पौधारोपण

**मुड़ागांव (कोरासी)।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के संकल्प को साकार करते हुए बिखरे मोती परिवार द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में विभिन्न छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में बिखरे मोती परिवार के मुख्य निर्माता एवं वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार सिन्हा, विद्यालय के प्राचार्य श्री एसके वर्मा, शिक्षक धरमराज साहू, बिखरे मोती परिवार के निर्देशक टिकेश यदु तथा घनश्याम यादव (पाटसिवनी) ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संदेश दिया।
इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एक वृक्ष, हजारों जीवन का आधार है। उन्होंने बताया कि वृक्ष हमें शुद्ध वायु, छाया, जलवायु संतुलन एवं जैव विविधता का संरक्षण प्रदान करते हैं। साथ ही, यह आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण की अमूल्य धरोहर हैं। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। बिखरे मोती परिवार की यह सराहनीय पहल समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का प्रेरणास्त्रोत बन रही है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की सुरक्षा, देखभाल एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

बारिश : - नदी-नाले उफान पर, कई स्कूलों के नहीं खुले ताले, कई कच्चे मकान टूटकर धराशायी

# मैनपुर क्षेत्र में बारिश का कहरः पांच नदियां उफान पर, एक दर्जन से ज्यादा गांव बने टापू







हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते दर्जनों ग्रामों के संपर्क मुख्यालय से कट गया और एक दर्जन से अधिक गांव टापू में तब्दील हो गया है। नदी -नाले पूरे उफान पर है जिसके कारण कई स्कूलों के दरवाजे नहीं खुल पाए। एक दर्जन से ज्यादा कच्चे मकान टूटकर धराशाही हो गया तो कही-कही पेड़ गिरने के साथ ही पिछले 18 घंटो से बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। 24 घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दर्जनो ग्राम में बारिश के इन दिनो में ग्रामीणो को नरकीय जिंदगी जीवन बसर करना पड़ रहा है लंबे समय से पुल पुलिया निर्माण की मांग किया जा रहा है पुल पुलिया निर्माण नही होने के कारण कई ग्राम बारिश के दिनो में गांव टापू में तब्दील हो जाने से चांवल दाल, मिट्टी तेल, खाद बीज ले जाने के लिए भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है वही इन ग्रामों में जरूरत के समय संजीवनी एक्सप्रेस, महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस सुविधा का भी लाभ नहीं मिल पाता मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में खाट और कांवर का उपयोग करना पड़ता है।

**दर्जनों ग्रामों के घरों में घुसा पानी आवागमन बंद**

इसी तरह मैनपुर विकासखण्ड के सिंहार, अमाड़, साहेबिनकछार क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक ग्रामों में आवागमन बाधित हो गया है। नदी -नाले पूरे उफान पर है और ग्रामीणों का आना -जाना थम गया है। मदन यादव, रूपसिंह मरकाम, अर्जुन नायक ने बताया नदी नाले उफान में होने के कारण पूरा आवागमन बंध है और ग्रामीणों को भारी दिक्कत हो रही है क्षेत्र के कई स्कूलों में शिक्षक नही पहुंच पाए।


**जान जोखिम में डालकर नदी को पार करने मजबूर-** खाट में मरीज को लिटाकर नदी पार करना मजबूरी बन गया है। मैनपुर के दूरस्थ वनांचल की बात तो छोड़िए तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत देहारगुड़ा के आश्रित ग्राम खामभाठा में यह स्थिति बारिश के इन दिनो में देखने को मिल रहा है। दूसरी ओर ग्राम पंचायत छोटेगोबरा, पयलीखण्ड, साहेबिनकछार, कोदोमाली, अमाड़, देवझरअमली, सिंहार, काटीपारा सहित लगभग एक दर्जन ग्रामो के लोग बारिश के इन दिनो में नदी नाला में पुल निर्माण नही होने से और नदी नाले में बारिश का पानी लगातार चलने से पैदल नदी को जान जोखिम में डालकर पार कर आना जाना करने मजबूर हो रहे। लगातार बारिश होने के कारण नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है और बाघ नाला, उदंती नदी, पयलीखण्ड नदी, झापेन नदी, अमाड़ नदी उफान पर होने से एक दर्जन से ज्यादा गांव टापू में तब्दील हो गया है।

## सिकासार जलाशय का जलस्तर 90% पहुंचा, छोड़ा गया 5 हजार क्यूसेक पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले में हो रही लगातार रूक रूककर बारिश से सिकासार जलाशय में तेजी से जलभराव हो रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए सिकासार बांध से आज मंगलवार 28 जुलाई को दोपहर 12 बजे से देर शाम समाचार खिले जाने तक 05 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।यह निर्णय बांध की स्थिति एवं जल स्तर को देखते हुए लिया गया है। जिसके बाद सिंचाई विभाग ने तटीय गांवों को सतर्क रहने की अपील जारी की है। जल संसाधन विभाग के पैरी शीर्ष कार्य जल संसाधन उपसंभाग क्र.02 के अनुविभागीय अधिकारी द्वारा जारी सूचना के मुताबिक शुरुआती चरण में दोपहर 12 बजे 01 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। हालांकि, पानी की आवक स्थिति को देखते हुए इस दर को घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है। वर्तमान में सिकासार जलाशय का जलभराव 90 प्रतिशत तक पहुंच गया है और





**तटीय इलाकों को सतर्क रहने की अपील**

लगातार बारिश के कारण जलभराव जारी है जल संसाधन विभाग ने तटीय और निचले क्षेत्रें के गांवों को अलर्ट करते हुए कहा है कि लोग नदी किनारे अनावश्यक रूप से न जाएं और सतर्क रहें।

**खूबसूरती निहारने उमड़ेंगे पर्यटक, सुरक्षा के कड़े इंतजाम की जरूरत-** जल संसाधन विभाग द्वारा पानी छोड़ने के बाद पुलिस, जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण कक्ष को भी सूचित किया गया है। स्थानीय प्रशासन ने गांवों में मुनादी कराने और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सिकासार जलाशय से पानी छोड़ने के बाद उसकी खुबसूरती और फाल से उठने वाली धुंआधार बौछार को देखने पर्यटको की भारी भीड़ सिकासार जलाशय मे लगेगी जिसके कारण यहां ऐहतियातन सुरक्षा की दृष्टि से जगह जगह बोर्ड लगाने की जरूरत है यह क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप मे जाना जाता है जहां सालभर हजारो की संख्या मे पर्यटक पहुंचते है और बारिश मे भारी भीड़ लगी रहती हैं। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अधिकारी गरियाबंद एस के बर्मन ने बताया की सिकासार में 90 प्रतिशत जलभराव पूर्ण हो चुका है। लगातार पानी की आवक बनी हुई है। आज शाम तक 05 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

## साइंस ऑन व्हील्स अभियान का शुभारंभ, जिले के 19 स्कूलों तक पहुंचेगी विज्ञान प्रयोगशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस के सहयोग से साइंस ऑन व्हील्स कार्यक्रम की शुरुआत गरियाबंद में की गई। गरियाबंद पुलिस के सहयोग से संचालित इस अभियान का शुभारंभ सोमवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद में पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके, उप पुलिस अधीक्षक लितेश सिंह, एसडीओपी निशा सिन्हा सहित फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही। 'साइंस ऑन व्हील्स' कार्यक्रम फिलहाल छत्तीसगढ़ के केवल दो जिलों गरियाबंद और जशपुर में संचालित किया जा रहा है। इसके तहत गरियाबंद जिले के 19 स्कूलों में मोबाइल विज्ञान प्रयोगशाला पहुंचेगी, जहां विद्यार्थियों को विज्ञान, अंतरिक्ष तकनीक, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यावरण संरक्षण और नई तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी जाएगी।

**विज्ञान के साथ साइबर सुरक्षा और नशामुक्ति का संदेश-** कार्यशाला में आईडीवीएम टीम और गरियाबंद पुलिस ने विद्यार्थियों को विज्ञान एवं तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों, पर्यावरण संरक्षण, महिला सुरक्षा और नशामुक्ति जैसे सामाजिक विषयों पर भी जागरूक किया। बच्चों को डिजिटल अपराधों से बचाव, सड़क सुरक्षा और महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी भी दी गई।

**बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना समय की जरूरत : एसपी-** पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गरियाबंद पुलिस कानून-व्यवस्था के साथ-साथ शिक्षा और जनजागरूकता के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। 'साइंस ऑन व्हील्स' के माध्यम से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों तक आधुनिक विज्ञान और तकनीक की जानकारी पहुंचाई जाएगी, जिससे उनमें नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित हो सके।

## भाजपा का समरसता संकल्प अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 29 जुलाई (गुरु पूर्णिमा) से 20 फरवरी 2027 (रविदास जयंती) तक पूरे देश में समरसता संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा। इसकी जानकारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने राजिम में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि अभियान राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल एवं ग्राम स्तर तक व्यापक जनभागीदारी के साथ चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। अमित चिमनानी ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज किसी एक समाज के संत नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के महान पथप्रदर्शक, समाज सुधारक और आध्यात्मिक चिंतक हैं। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से जातिगत भेदभाव, ऊँच-नीच और सामाजिक विषमताओं के विरुद्ध आवाज उठाई तथा समानता, आत्मसम्मान और भाईचारे का संदेश दिया। उनका बेगमपुरा का दर्शन ऐसे समाज की कल्पना प्रस्तुत करता है, जहाँ किसी प्रकार का दुख, अन्याय, भेदभाव या शोषण न हो। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी क्रांति और अब्राहम लिंकन के स्वतंत्रता संबंधी विचारों से सदियों पहले ही गुरु रविदास महाराज ने समानता और समरसता का संदेश देकर समाज को नई दिशा दी थी। अमित चिमनानी ने कहा कि यह अभियान केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के निर्माण का एक व्यापक जनआंदोलन है। उन्होंने सभी संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं तथा समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। प्रेसवार्ता में राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, जिला प्रवक्ता पारस ठाकुर तथा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### घर के पास शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** घर के पास शराब पीने से मना करने पर मारपीट के आरोप में महासमुंद थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ड नं. 10 भुरका महासमुंद निवासी ओमलाल साहू 27 जुलाई को भूपेंद्र साहू के साथ घर का सामान लेने महासमुंद गया था. सामान लेकर वापस घर आकर देखा तो उसके घर के पास रोड में लकेश्वर ध्रुव, अजय ध्रुव एवं अन्य लोग शराब पी रहे थे, जिसे मना करने पर उन्होंने ओमलाल और भूपेंद्र साहू को अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं बांस के डंडे से मारपीट करने लगे, उतने में ओमलाल का बेटा कुलेश्वर साहू आया और बीच बचाव किया तो उसे भी मारने लगे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लकेश्वर ध्रुव, अजय ध्रुव एवं अन्य के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

पेज 11 के शेष...

### इंदागांव में कच्चा...

विकासखंड के इंदागांव ग्राम पंचायत के मेटपारा में मंगलवार देर रात तेज बारिश के चलते एक कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया। **मां ने दिखाई हिम्मत, दूधमुंही बच्ची को बचाया-** हादसे के दौरान मकान गिरते ही मां ने अपनी दूधमुंही बच्ची को सीने से चिपका लिया, जिससे बच्ची सुरक्षित बच गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कुछ पल की भी देर होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि परिवार के मुखिया भोजलाल नागेश रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर गए हुए हैं। घर में उनकी पत्नी और बच्चे ही मौजूद थे।

### लोहरसी संकुल में...

लोहरसी संकुल में पुस्तकों का वितरण शुरू कर दिया। क्षेत्र के अन्य शेष संकुल केंद्रों में भी चरणबद्ध तरीके से सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकें पहुंचाई जाये,शीघ्र ही प्रत्येक विद्यालय तक पुस्तकें उपलब्ध करा दी जाये, क्षेत्र के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी समाचार के बाद हुई त्वरित कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि समय पर पाठ्यपुस्तकें मिलने से बच्चों की पढ़ाई पटरी पर लौटेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि शेष विद्यालयों में भी जल्द पुस्तकें पहुंचाकर विभाग शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेगा।

### उदंती टाइगर रिजर्व में...

लगी। आखिरकार असम के माझबाट से प्रसिद्ध बाघ प्रेमी जियाउर्र रहमान को बुलाया गया। जियाउर्र रहमान ने गोबरा पहाड़ी के पास पिंजरा लगाकर उसमें बकरा बांधा, जिसके बाद भारी बारिश के बीच जुलाई महीने में नरभक्षी बाघिन 'मायावती' पिंजरे में कैद हुई। इसके कुछ ही दिनों बाद शावक 'रूपक' ने फिर आतंक मचाना शुरू कर दिया। रहमान ने दोबारा भाठीगढ़-गोबरा मार्ग पर पिंजरा लगाया, जिसमें तड़के 4 बजे 'रूपक' भी पकड़ा गया। तब जाकर इस पूरे अंचल को नरभक्षी के खौफ से मुक्ति मिल सकी थी।

गुरु पूर्णिमा पर्व आज, मंदिरों व आश्रमों में गूंजेंगे गुरु वंदन के स्वर

# अज्ञान के अंधकार को दूर करते हैं गुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

भारतीय संस्कृति में गुरु को भगवान से भी श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाने वाला गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व आज पूरे श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न आश्रमों, मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों तथा ग्रामीण निज निवासो में गुरु पूजन, सत्संग, भजन-कीर्तन, प्रवचन तथा आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। श्रद्धालु अपने पूज्य गुरु का विधिवत पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सनातन परंपरा के अनुसार गुरु पूर्णिमा का संबंध महर्षि वेदव्यास से माना जाता है, जिन्होंने वेदों का विभाजन तथा महाभारत जैसे महान ग्रंथ की रचना की। इसी कारण इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। यह पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान, समर्पण और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि गुरु ही अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा, नैतिक मूल्य, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का भी मार्ग प्रशस्त करते हैं। भारतीय संस्कृति में कहा गया है गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः, गुरु साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः। यह श्लोक गुरु के सर्वोच्च स्थान को दर्शाता है। गुरु पूर्णिमा पर गुरु की पूजा करने, उनका आशीर्वाद लेने तथा सेवा करने से जीवन में ज्ञान, विवेक, सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास और सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन दान-पुण्य, जप, तप, ध्यान और सत्संग का विशेष महत्व है। इससे मानसिक शांति, आध्यात्मिक उन्नति तथा पुण्य की प्राप्ति होती है। साथ ही विद्यार्थियों के लिए यह दिन विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि गुरु का आशीर्वाद शिक्षा, एकाग्रता और उज्ज्वल भविष्य का आधार माना जाता है।

**आश्रमों में भंडारे और सत्संग के आयोजन**



क्षेत्र के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। गुरु पूजन के बाद प्रसाद वितरण, भंडारा एवं सत्संग का आयोजन भी किया जाएगा। श्रद्धालु गुरु के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव, सेवा और संस्कारों को बढ़ावा देने का संकल्प लेंगे।गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा को सशक्त बनाने और समाज में ज्ञान, संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रेरणादायी उत्सव है। आज के दिन गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर उनके बताए आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प ही इस पर्व का सबसे बड़ा संदेश माना जाता है।

### अकलवारा स्कूल में शिक्षकों ने कराया न्योता भोज



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में विद्यालय परिवार द्वारा तीन शिक्षकों के जन्मदिन के शुभ अवसर पर स्नेहपूर्ण न्यौता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने शिक्षकों के उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं कीं। कार्यक्रम में ट या ख या ता कुशकुमार दीवान, घनौद कुमार कनौजे एवं भुनेश्वरी दीवान का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने आपसी सौहार्द, सहयोग एवं पारिवारिक वातावरण का परिचय देते हुए सामूहिक रूप से न्यौता भोज का आनंद लिया। उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यालय परिवार में आत्मीयता, एकता एवं आपसी समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम का समापन जन्मदिन की शुभकामनाओं एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप

### गुरु अमरदास जयंती एवं गुरु पूर्णिमा समारोह आज

नवापारा-राजिम। सतनामी समाज व आसन परिवार के तत्वावधान में गुरु अमरदास जयंती एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन आज 29 जुलाई बुधवार को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सतनामी पारा स्थित सतनाम भवन में मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी



गिरौदपुरी धाम एवं खड़वा पुरी धाम गद्दीनशीन जगतगुरु गुरु रूद्र कुमार बाबा जी के सानिध्य में गुरु अमरदास जयंती एवं गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाएगा। समारोह में समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार दोपहर 2 बजे गुरु आगमन होगा। इसके पश्चात संत सारंग रायपुरा द्वारा महाआरती संपन्न होगी। संध्याकालीन सत्र में सतनाम सहारा भजन मंडली, बरभांठा (आरंग) द्वारा संगीतमय भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। आयोजन समिति ने समाजजनों सहित नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित समारोह में शामिल होने की अपील की है। सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। साथ ही श्रद्धालुओं से सफेद वेशभूषा में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है। यह जानकारी आसन परिवार से प्रदीप कोसरे ने दी।

### बेलर में गुरु पूर्णिमा पर अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ आज

**छुईहा-बेलर।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को ग्राम बेलर में भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वावधान में पांच घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है तथा बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों की सहभागिता की अपेक्षा की जा रही है। कार्यक्रम के संयोजक एवं संचालक भारत साहू (चरभट्ठी) तहसील प्रचार मंत्री तथा वरिष्ठ सदस्य देवीराम साहू, कोमल दीवान, सेवक साहू, पप्पू साहू, संतोष साहू, परमेश्वरी साहू, जागृति साहू, महेश्वरी साहू सहित संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन माता भगवती आदिशक्ति जगत जननी जगदंबा एवं गुरुदेव परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के सूक्ष्म संरक्षण एवं आशीर्वाद में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे गुरु पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर आयोजित दुर्गा चालीसा पाठ में परिवार सहित शामिल होकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा राष्ट्र, समाज और मानव कल्याण की मंगलकामना के साथ धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं।

**निर्देश :** नशीली दवाओं और शराब के अवैध कारोबार पर होगी कठोर कार्रवाई

# हाईवे के ढाबों पर जांच, मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर गरियाबंद उइके की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन (एनकॉर्ड) समन्वय समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी (नशीले) पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण तथा नशामुक्ति संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री उइके ने अवैध मादक पदार्थों, नशीली दवाओं और शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। आबकारी विभाग को हाईवे पर स्थित ढाबों एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर आकस्मिक जांच अभियान चलाने को कहा। उन्होंने अवैध रूप से शराब विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों द्वारा कोटपा अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने शिक्षण संस्थानों के आसपास 100 मीटर के दायरे में घोषित नो-टोबैको जोन में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने अवैध रूप से नशीली एवं शेड्यूल दवाओं का विक्रय करने वाले मेडिकल स्टोर्स पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की स्थिति की समीक्षा की तथा जिन दुकानों में सीसीटीवी नहीं लगे हैं, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा। बैठक में नशामुक्ति अभियान को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने ऐसे क्षेत्रों की पहचान कर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए, जहां नशे के आदी लोगों की संख्या अधिक है। उन्होंने समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग को समन्वय स्थापित कर लोगों को जागरूक करने, नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को नशामुक्ति केंद्रों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी तथा नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने एनडीपीएस एक्ट एवं सफेमा के तहत की गई कार्रवाइयों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### 14446, 1933 और व्हाट्सएप हेल्पलाइन का होगा व्यापक प्रचार



कलेक्टर ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत टोल फ्री हेल्पलाइन 14446, मानस नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 तथा जिला पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन 94792-25884 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों एवं सार्वजनिक स्थलों पर दीवार लेखन के माध्यम से इन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में हेल्पलाइन नंबरों का प्रभावी प्रचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों, ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में नशामुक्ति विषयक विशेष जागरूकता कार्यक्रम, शपथ ग्रहण एवं जनजागरूकता अभियान नियमित रूप से आयोजित करने को कहा।

**स्कूलों के 100 मीटर दायरे में नो-टोबैको जोन, मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी जरूरी-** कलेक्टर श्री बीएस उइके ने जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वनोपज जांच नाकों पर नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाया जाए तथा वनमंडल के दूरस्थ क्षेत्रों में गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की अवैध खेती पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने अवैध परिवहन एवं अवैध खेती के मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## फणीकेश्वर नाथ कालेज में सीजी डैश बोर्ड पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय, फिंगेश्वर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ''सीजी डेस बोर्ड'' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशालाकी थीम ट्रांसफार्मनिग एनएस थ्रो डिजिटल एनोवेशन ट्रांसपेरंसी एंड ऐफीसियेंट गर्वनेस रही। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में डिजिटल नवाचार, पारदर्शिता एवं प्रभावी प्रशासन को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को सीजी डेस बोर्ड के विभिन्न मॉड्यूल, ऑनलाइन पंजीयन, कार्यक्रमों की डिजिटल रिपोटिंग, दस्तावेजीकरण तथा डेटा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने स्वयंसेवकों को निर्देशित किया कि वे राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी नियमित गतिविधियों, विशेष शिविरों, जागरूकता अभियानों एवं सेवा कार्यों का विवरण, छायाचित्र एवं आवश्यक जानकारी समय–समय पर सीजी डेस बोर्ड अनिवार्य रूप से अपलोड करें, ताकि प्रत्येक गतिविधि का डिजिटल अभिलेखीकरण, पारदर्शी मॉनिटरिंग एवं प्रभावी मूल्यांकन सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग से एनएसएस की कार्यप्रणाली अधिक उत्तर दायी,पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनेगी।इस कार्यशाला में स्वयंसेवकों सहित कुल 230 छात्र–छात्रओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला संबंधी जानकारी राष्ट्रीय सेवा योजना की दल नायिका केशरी निर्मलकर एवं वर्षा साहू द्वारा प्रदान की गई।

## हरिहर शाला में विद्यार्थियों का हुआ ऑनलाइन प्री-असेसमेंट

**नवापारा-राजिम।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार आईसीटी योजना अंतर्गत हरिहर पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों का ऑनलाइन प्री-असेसमेंट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस मूल्यांकन का उद्देश्य विद्यार्थियों के हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं कंप्यूटर विषयों में पूर्व ज्ञान का आकलन करना था। प्री-असेसमेंट के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक ऑनलाइन परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा का संचालन विद्यालय के



कंप्यूटर शिक्षक किशन सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन परीक्षा की प्रक्रिया समझाई तथा परीक्षा के दौरान आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान की। इस अवसर पर प्रधान पाठक आलोक सिंह ठाकुर, अश्वनी साहू, विनोद साहनी, बल्लूराम देवांगन एवं भरत लाल साहू ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए आईसीटी आधारित शिक्षा की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ऑनलाइन मूल्यांकन से विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता का सही आकलन होता है तथा भविष्य में उन्हें बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान करने में सहायता मिलेगी। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्री-असेसमेंट के परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का विश्लेषण कर आईसीटी आधारित शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा जिन विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग की आवश्यकता होगी, उनके लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।

## निखिल बने छात्रसंघ के अध्यक्ष



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा संचालित श्रीराम जानकी विद्या मंदिर में छात्र संघ चुनाव में एक तिहाई वोटो से निखिल सोनकर ने कुल 70 वोटों में से 42 वोट से जीतकर अध्यक्ष बने। उपाध्यक्ष किरन साहू, सचिव माही यादव, सेनापति हिमांशी सोनकर, स्वच्छता प्रमुख वासु सोनकर बनाए गए।

## हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज एवं फार्मेसी विभाग द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर दिनांक 28 जुलाई 2026 को विश्वविद्यालय के सेमिनार हॉल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हेपेटाइटिस रोग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच, रोकथाम एवं उपचार के महत्व को रेखांकित करना था।

फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत ने इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य को सर्वप्रथम प्रस्तुत किया गया। डां.



आनंद महलवार, कुलपति आईएसबीएम विश्वविद्यालय ने बताया कि इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम रही। इसी थीम को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में हेपेटाइटिस के विभिन्न प्रकार, संक्रमण के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय, टीकाकरण तथा समय पर जांच एवं उपचार की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. रानी झा सह- कुलसचिव ने बताया कि हेपेटाइटिस एक गंभीर लेकिन रोकथाम एवं उपचार योग्य बीमारी है। यदि समय रहते इसकी पहचान हो जाए तो इससे होने वाली गंभीर जटिलताओं, जैसे लिवर सिरोसिस एवं लिवर कैंसर, से बचा जा सकता है।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## गायत्री शक्तिपीठ राजिम में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व

**राजिम।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में धर्मनगरी राजिम स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आज 29 जुलाई को पावन गुरु पूर्णिमा पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक एवं संस्कारत्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।गायत्री शक्तिपीठ राजिम के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी पूर्व सांसद अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गृह भंडार निगम चंदूलाल साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि पर्व का शुभारंभ प्रातःकाल 5 बजे से 10 बजे तक सामूहिक जप, ध्यान होगा। 10 बजे से प्रज्ञा पुत्रो के द्वारा गुरु वंदना के साथ 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न कराते हुए पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी का विशेष पूजन-अर्चन कर युग निर्माण योजना के संकल्पों को दोहराया जाएगा।05 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ विभिन्न संस्कार (दीक्षा, मुंडन, अन्नप्राशन, पुंसवन नामकरण आदि) निःशुल्क कराया जाएगा साथ ही विचार क्रांति अभियान, गुरुदेव के संदेश एवं पावन उद्बोधन भी होगा। गायत्री शक्तिपीठ राजिम के व्यवस्थापक एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी भाई बहनों गायत्री परिजनों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गुरु सत्ता का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करें एवं पुण्य के भागीदार बनें। जो श्रद्धालु गुरु दीक्षा या अन्य संस्कार कराना चाहते हैं, वे कार्यक्रम से पूर्व शक्तिपीठ परिसर में अपना नाम अवश्य दर्ज करा लें।



## रवेली में पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ आज

**कोपरा।** आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज ग्राम रवेली स्थित गायत्री मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण के साथ छुईहा एंव कुरूद इकाई के तत्वावधान में गायत्री प्रज्ञा मंडल रवेली में आयोजित किए जाएंगे,इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 20 गांवों के गायत्री परिवार, साधक एवं श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रज्ञा मंडल सहसपुर के मेसराम साहू, छुईहा इकाई प्रमुख चेतन सिन्हा, कुरूद इकाई प्रमुख कुलेश्वर प्रजापति, वरिष्ठ गायत्री परिवार सदस्य राधेश्याम साहू, बोधीराम साहू, भागीरथी सिन्हा तथा चिंताराम साहू ,तोरण सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7:00 से 8:00 बजे तक विशेष समूह साधना, प्रातः 8:00 बजे से पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का विशेष पूजन आह्वान तथा विभिन्न वैदिक संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। शाम 5:00 बजे दीपयज्ञ का आयोजन होगा। वैदिक मंत्रोच्चार एवं यज्ञाचार्य का दायित्व कुलेश्वर प्रजापति एवं मेसराम साहू निभाएंगे। व्यासपीठ से युगगीत एवं प्रेरक भजनों की प्रस्तुति प्रिया, टाकेश्वरी, युगल, योगेश, राजाराम, धनबाई सिन्हा एवं धनाराम सहित अन्य गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा दी जाएगी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बनेगा।



**समस्या : बदहाल सड़क बनी मुसीबत, रोज राहगीरों को हो रही परेशानी**

# हसदा में 1 किमी सड़क पर 50 से अधिक गड्ढे लोग जान जोखिम में डालकर चलने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

बारिश के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की बदहाली लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। अभनपुर और नवापारा के बीच नेशनल हाईवे-130 से हसदा बस्ती तक जाने वाली लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। इस छोटे से मार्ग पर 50 से अधिक गड्ढे होने से हर दिन छात्र-छात्राओं, किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक, साइकिल सवार और पैदल चलने वाले कई बार फिसलकर गिर जाते हैं। स्कूल और कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को भी रोज इसी रास्ते से होकर मुख्य सड़क तक पहुंचना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क हसदा बस्ती को मुख्य मार्ग और बस स्टैंड से जोड़ने वाला एकमात्र संपर्क मार्ग है। इसके बावजूद लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है।





### हसदा बस्ती को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला इकलौता रास्ता

ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत हसदा के सरपंच शशिप्रकाश साहू ने बताया कि बारिश शुरू होने से पहले ही सड़क के गड्ढों की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी गई थी और मरम्मत की मांग की गई थी। इसके बावजूद सड़क की हालत जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए इस सड़क के गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि विद्यार्थियों, किसानों और आम नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। बारिश के बीच सड़क की यह बदहाली जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है।



## आलेखुंटा में विकास कार्यों की सौगात इंद्रकुमार ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम आलेखुंटा में विकास कार्यों को नई गति देते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने एक गरिमामय समारोह में विभिन्न निर्माण एवं जनहितकारी कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और विकास कार्यों की शुरूआत पर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। विधायक श्री साहू ने सीसी रोड निर्माण कार्य, शीतला तालाब मुक्तिधाम मार्ग पर सीसी रोड निर्माण, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वाटर कूलर, सिंटेक्स पानी टंकी तथा पाइपलाइन विस्तार कार्य का लोकार्पण किया। वहीं कामदार शेड निर्माण शीतला तालाब के अतिरिक्त सीसी रोड, नाली निर्माण, साइकिल स्टैण्ड, इंद्रापारा में नाली निर्माण तथा पानी टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार, आदिवासी भवन में शेड एवं ब्लाक निर्माण कार्य जैसे महत्वपूर्ण कार्यों का भूमिपूजन भी किया। अपने संबोधन में विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है। गांव की जो भी आवश्यकताएं होंगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी उद्देश्य के साथ लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने की। दोनों नेताओं ने ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के हित में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को मिलकर प्रयास करना चाहिए। समारोह में जिला पंचायत सभापति चंद्रकला-रामचंद ध्रुव, जनपद पंचायत अध्यक्ष चंद्रिका-जितेन्द्र बंजारे, सभापति राजेश्वरी-ओमप्रकाश ध्रुव, नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगरपालिका उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

# जनदर्शन में उमड़ी लोगों की भीड़ रोहित साहू ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम



विधायक रोहित साहू के राजिम स्थित निवास कार्यालय में सोमवार को आयोजित जनदर्शन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और राजिम शहर से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं, मांगें और सुझाव लेकर पहुंचे। सुबह लगभग साढ़े नौ बजे शुरू हुआ जनदर्शन देर शाम छह-सात बजे तक लगातार चलता रहा। इस दौरान विधायक श्री साहू ने एक-एक व्यक्ति की बात धैर्यपूर्वक सुनी और समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक पहल की। जनदर्शन में कुछ स्कूलों के छात्र-छात्राएं भी आए हुए थे तो कई ग्रामीण निर्माण कार्यों के प्रस्ताव लेकर पहुंचे, वहीं अनेक लोगों ने व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने विधायक को कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित भी किया। पूरे दिन निवास कार्यालय में लोगों की आवाजाही बनी रही। विधायक रोहित साहू ने कई ऐसे मामलों में, जिनका तत्काल समाधान संभव था, संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फोन कर आवश्यक निर्देश दिए और शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। वहीं जिन मामलों में शासन की नीति एवं वैधानिक प्रक्रिया के तहत समय लगना था, उनमें आवेदकों को नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जनदर्शन में राजिम शहर सहित सिंधौरी, बरोण्डा, श्यामनगर, सुरसाबांधा, लोहरसी, कोपरा, तरीघाट, कुंडेल, बकली, अरण्ड तथा आसपास के दर्जनों गांवों से लोग पहुंचे। लोगों का कहना था कि विधायक रोहित साहू प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को राजिम में जनदर्शन आयोजित कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनते हैं, जिससे उन्हें अपनी बात सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंचाने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है, उस विश्वास पर खरा उतरना मेरा दायित्व है। मैं स्वयं को जनता का सेवक मानता हूं। प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका यथासंभव और शीघ्र समाधान कराने का पूरा प्रयास करता हूं। जनता की सेवा ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दिनभर चले जनदर्शन ने एक बार फिर जनप्रतिनिधि और आमजन के बीच संवाद तथा विश्वास की मजबूत परंपरा को रेखांकित किया।

## मुनगासेर में दो दिवसीय गुरुपूर्णिमा महोत्सव

**राजिम।** शिव संयुजस्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन 28 एवं 29 जुलाई को मुनगासेर (बागबाहरा) में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन पूज्यपाद डॉ. आनंद मतावले, (गुरुजी) संचालक गुरुसत्ता आध्यात्मिक केंद्र एवं शांति धाम साधक कल्याण वेलफेयर के पावन सानिध्य में संपन्न होगा। महोत्सव का शुभारंभ 28 जुलाई को गुरु पूजन के साथ होगा। इस अवसर पर श्रद्धालु गुरु चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर आध्यात्मिक साधना एवं सत्संग में सहभागी बनेंगे। आयोजन स्थल पर भक्ति, साधना और गुरु महिमा से ओतप्रोत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 29 जुलाई को प्रातः से मंत्र दीक्षा, आध्यात्मिक प्रवचन, समस्या निवारण तथा साधकों के आध्यात्मिक मार्गदर्शन के विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे। डॉ. आनंद मतावले गुरुजी अपने प्रवचनों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा, आत्मिक उन्नति, जीवन मूल्यों एवं आध्यात्मिक साधना के महत्व पर प्रकाश डालेंगे तथा उपस्थित श्रद्धालुओं की जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समाधान भी करेंगे। आयोजन समिति ने प्रदेशभर के श्रद्धालुओं, साधकों एवं गुरुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरुकृपा एवं आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ लेने का आग्रह किया है। महोत्सव को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह एवं तैयारियां देखी जा रही हैं।



## 47 छात्राओं को मिली साइकिल...



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी के शासकीय स्कूल में 47 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल दी गई। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद ध्रुव, उपाध्यक्ष यादराम साहू, ग्राम पंचायत भेंडरी सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और स्कूल परिवार मौजूद थे।

## भेंडरी में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने प्रहलाद ध्रुव




**नवापारा-भेण्डरी।** शासकीय वीर शहीद बलराम सिंह ध्रुव उच्चतर माध्यध्यमिक विद्यालय भेण्डरी में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद ध्रुव बनाए गए। उपाध्यक्ष यादराम साहू बने। प्राचार्य ज्योति लहरे सचिव बनी। समिति में सदस्य अनुसुईया सिन्हा, डामेश्वरी यादव, गिरीराज ध्रुव, मनोज डहरिया, आनंद पटेल, ईश्वर साहू, खिलेश्वरी पटेल, सीताबाई देवांगन, दिनेश जांगड़े, मोहन साहू बनाए गए। विशेष आमंत्रित सदस्यों में सरपंच राजेश्वरी-आनंद पटेल, जनपद सदस्य विनीता-संतशरण साहू, प्रीतराम देवांगन, छबीलाल साहू, चंद्रहास साहू शामिल किया गया।

# पांडुका चारोधाम चौक में भूपेश बघेल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडुका



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के गरियाबंद जिले के आगमन पर चारोधाम चौक पाण्डुका में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा आत्मीयता के साथ भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। श्री भूपेश बघेल के आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गजेंद्र साहू, विक्रमादित्य, सतीश चौरे एवं बहुत से क्षेत्रिय जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नवापारा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



सोमवार को नगर के अंबेडकर चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा के नेतृत्व में पूर्व सीएम भूपेश बघेल का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में जिला महामंत्री सौरभ शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामा यादव, चंद्रहास साहू ,पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, चतुर जगत, पार्षद अजय साहू, अर्जुन साहू, रामरतन निषाद, तरुण कंसारी, टिकेश्वर गिलहरे ,फागू देवांगन, हेमंत साहनी, दीपाली राजपूत, सचिन बंगानी, निर्माण यादव, अनूप खरे, रेखा तिवारी, शाहिद रजा, गौतम निषाद, अजय गाड़ा, मितेश शाह, घनश्याम साहू, विक्की साहू, सुरेंद्र साहू ,प्रतीक साहू ,महेश साहू ,रुक्मणी साहू ,शंकर साहू ,निगम पटेल ,राकेश सोनकर ,राजा चावला ,भोला साहू ,दाऊ साहू ,शेखर साहू ,शशिप्रकाश साहू ,विमल साहू ,विजय तारक ,भारत गोस्वामी ,गुड्डु मिश्रा ,सौरभ सोनी ,अहमद रिजवी ,वीरेंद्र राजपूत ,मानसिंग ध्रुव, यादवेन्द्र ठाकुर, राजा ठाकुर ,बीरबल राजपूत, बल्लू देवांगन, श्यामू विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

**जतमई-घटारानी सहित प्रमुख स्थलों में पहुंचे एसपी**

# पर्यटन और धर्मस्थलों पर नशाखोरी व हुड़दंग पर पुलिस अब होगी सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम




जिले के प्रसिद्ध पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर अब नशाखोरी, हुड़दंग और अनैतिक गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पर्यटकों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था तथा धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने जतमई-घटारानी, चिंगरा-पगार तथा भुतेश्वरनाथ मंदिर सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों में अचानक पहुंचे। उन्होने इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कुछ स्थानों पर लोगों को पार्टी करते, नशे की हालत में हुड़दंग मचाते तथा अन्य अनुचित गतिविधियों में संलिप्त पाया। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि धार्मिक और पर्यटन स्थलों की पवित्रता एवं शांति भंग करने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी श्री सिरमौर ने कहा कि इन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति द्वारा शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर उत्पात मचाने, अभद्रता करने अथवा कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो उसके विरुद्ध विधिसम्मत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पहली बार पकड़े गए लोगों को कड़ी चेतावनी दी गई है, लेकिन भविष्य में दोबारा ऐसी हरकत करने वालों को किसी भी प्रकार की रियायत नहीं मिलेगी।

### धार्मिक आस्था का सम्मान करें, परिसर में गंदगी न फैलाएं



निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में पर्यटन स्थलों पर नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जाए तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। साथ ही महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने आम नागरिकों और पर्यटकों से भी अपील की कि वे प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का सम्मान करें, परिसर में गंदगी न फैलाएं, प्लास्टिक का उपयोग करने से बचें तथा नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल आनंद और आस्था के केंद्र हैं, इन्हें अशांति और अव्यवस्था का अड्डा नहीं बनने दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक के इस सख्त रुख के बाद अब लोगों की नजर संबंधित थाना प्रभारियों और गश्ती दल की कार्रवाई पर रहेगी। यदि पुलिस लगातार इसी तरह निगरानी और सख्ती बनाए रखती है तो जिले के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित, शांत और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411